दिनांक: 26.01.2026

प्रेस विज्ञप्ति

मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर झंडारोहण समारोह का आयोजन सोमवार, 26 जनवरी 2026 को प्रातः 9:00 बजे चेंबर परिसर, सिविल लाइंस, कानपुर में किया गया।

इस गरिमामय अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रांत प्रचारक माननीय श्री राम जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने झंडारोहण किया। झंडारोहण के उपरांत उपस्थित सभी सदस्यों ने राष्ट्रगान "जन गण मन…" का एक स्वर में गायन कर देश के गौरवशाली इतिहास को स्मरण किया तथा राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता एवं सर्वहित की मंगलकामना व्यक्त की।

माननीय श्री राम जी की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। उन्होंने "भारत माता की जय" के उद्घोष के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को प्रणाम किया तथा उपस्थित सभी गणमान्यजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मर्चेंट्स चेंबर द्वारा उन्हें देश के सर्वसम्मानित ध्वज को फहराने का अवसर प्रदान किया गया, जिसके लिए वे चेंबर के समस्त सदस्यों के प्रति सहृदय धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, और इस अवसर पर चेंबर के सदस्यगण एकत्र होकर राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर मर्चेंट्स चेंबर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आई. एम. रोहतगी द्वारा माननीय मुख्य अतिथि को एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह में मर्चेंट्स चेंबर के काउंसिल सदस्य विजय पांडे, सुधींद्र जैन, अनिल अग्रवाल, आशीष चौहान, सुशील शर्मा, प्रेम मनोहर गुप्ता, श्याम मेहरोत्रा तथा चेंबर के सदस्य मनीष कटारिया, विमल झाझरिया, योगेश दुबे, स्वतंत्र सिंह, अक्षय गुप्ता, डॉ. अवध दुबे, ईश्वर वर्मा एवं चैम्बर के सीओओ प्रभात मिश्रा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

आपसे अनुरोध है कि उक्त को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करें|

सधन्यवाद,

पूजा भट्ट

सहायक सचिव

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश